संत थॉमस स्कूल, धुर्वा, राँची

सत्र (2021-22)

कक्षा - 7

विषय – हिंदी **<u>पाठ - 4 अन्याय का विरोध</u>** पुस्तक – मंथन

मौखिक

प्रश्न 1. लेखक ने जूलिया को अपने कमरे में क्यों बुलाया?

उत्तर - लेखक ने जूलिया को तनख्वाह का हिसाब करने के लिए अपने कमरे में बुलाया।

प्रश्न 2. जूलिया ने दबे स्वर में लेखक को क्या बताया ?

उत्तर - जूलिया ने दबे स्वर में लेखक को बताया कि उसकी तनख्वाह 40 रूबल महीना तय हुई थी।

प्रश्न 3. वह कौन-सी बात थी जो लेखक की पत्नी और जूलिया लेखक को नहीं बताई थी?

उत्तर - लेखक की पत्नी ने जूलिया को 3 रूबल दिए थे और यह बात लेखक को नहीं बताई गई थी।

प्रश्न 4. कौन-सी बात सुनकर लेखक को ज़रा भी अचरज नहीं हो रहा था?

उत्तर - जूलिया जहाँ जहाँ काम की थी वहाँ से उसको एक भी पैसा नहीं मिला था। यह बात सुनकर लेखक को जरा भी अचरज नहीं हो रहा था।

<u>लिखित (Writing Skills)</u>

<u>लघुत्तरीय प्रश्न (Short Answer Questions)</u>

प्रश्न 1. जूलिया ने अपनी तनख्वाह कितनी बताई?

उत्तर - जूलिया ने अपनी तनख्वाह 40 रूबल बताई।

प्रश्न 2. जूलिया इतवार को किसको घुमाने ले गई थी?

उत्तर - जूलिया इतवार को कोल्या को घुमाने ले गई थी|

प्रश्न 3. किसके नए जूते चुरा लिए गए थे?

उत्तर - तान्या के नए जूते चुरा ले गए थे|

प्रश्न 4. लेखक की पत्नी ने जूलिया को कितने रूबल दिए थे?

उत्तर - लेखक की पत्नी ने जूलिया को 3 रूबल दिए थे।

<u>दीर्घउत्तरीय प्रश्न (Long Answer Questions)</u>

प्रश्न 1. लेखक जूलिया की तनख्वाह का हिसाब क्यों करना चाहता था?
उत्तर - लेखक जूलिया की तनख्वाह का हिसाब इसलिए करना चाहता था क्योंकि उसे पता था कि वह अपने पैसे खुद नहीं माँगेगी।

प्रश्न 2. लेखक ने ऐसा क्या कहा कि जूलिया का चेहरा पीला पड़ गया ?
उत्तर - जब लेखक ने जूलिया के तनख्वाह का हिसाब करते वक्त छुट्टी और इतवार के पैसे काटने को कहा तब जूलिया का चेहरा पीला पड़ गया ।

प्रश्न 3. जूलिया की तनख्वाह से लेखक ने दस रूबल क्यों काटे ?
उत्तर - जूलिया की तनख्वाह से लेखक ने दस रूबल काटे क्योंकि 10 जनवरी को उसने उसे 10 रूबल दिए थे।

प्रश्न 4. लेखक जूलिया को क्या सबक सिखाना चाहता था ?
उत्तर - लेखक जूलिया को यह सबक सिखाना चाहता था कि खामोश रहने से काम नहीं चलता । यदि कोई भी व्यक्ति चुपचाप अत्याचार सहेगा तो उस पर अत्याचार और अन्याय होते रहेंगे।

पठित गद्यांश प्रश्न (Comprehension Questions)

1. सही उत्तर पर सही ( ) का निशान लगाइए

(क) जूलिया की कितनी तनख्वाह तय हुई थी?
उत्तर -चालीस रूबल

(ख) काल्या के अस्वस्थ रहने पर जूलिया ने किसे पढ़ाया ?
उत्तर -तान्या

(ख)लेखक के अनुसार, नए जूते किसने चुरा लिए थे?
उत्तर -नौकरानी

(घ) लेखक की पत्नी ने जूलिया को कितने रूबल दिए?
उत्तर -तीन रूबल